आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 13.01.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार –

- विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज से प्रयागराज में शुरू।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में स्थित सोनमर्ग सुरंग का किया उद्घाटन।
- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच बारिश का अलर्ट जारी, कई जिलों में बूंदाबांदी की संभावना।
- खो खो विश्व कप 2025 आज से नई दिल्ली में। रात साढे आठ बजे भारतीय पुरुष टीम का मुकाबला नेपाल से ।

लोहडी–मकर सक्रांति–शुभकामनाए

आज लोहड़ी का त्यौहार है। उत्तर भारत का यह पारंपरिक त्योहार मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में धूमधाम से मनाया जाता है। लोहड़ी का त्योहार फसल की कटाई और बुआई की खुशी में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोहड़ी तथा मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू त्योहारों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ये त्योहार देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और सभी के जीवन में उत्साह तथा खुशियां लाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी लोहड़ी और मकरसंक्राति पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जबलपुर में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर नर्मदा तटों पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

प्रधानमंत्री–महाकुंभ

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ प्रयागराज में शुरू हो गया है। यह भव्य आयोजन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ देश की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'महाकुम्भ' के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था, भक्ति और अध्यात्म के महाकुम्भ के माध्यम से देश–विदेश के श्रद्धालुओं को भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना के दर्शन होंगे।

प्रधानमंत्री–सोनमर्ग सुरंग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कश्मीर के गांदरबल जिले में प्रतिष्ठित सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन किया और इसे राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्र की यात्रा सड़क मार्ग से और भी सुगम बन जाएगी। वहीं व्यापार और पर्यटन क्षेत्र को भी गति मिलेगी। यह सुरंग सोनमर्ग में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

शराबबंदी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में साधु–संतों द्वारा दिए गए सुझावों पर राज्य सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक नगरों का वातावरण प्रभावित होने संबंधी शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। हमारा प्रयास है कि इन नगरों की पवित्रता अक्षुण्ण रहे, इसलिए राज्य सरकार नीति में सुधार कर, जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

सेवरखेड़ी परियोजना–मुख्यमंत्री

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में 614 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत की सेवरखेड़ी–सिलारखेड़ी परियोजना का भूमि–पूजन किया। परियोजना से क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवाहमान बनाए रखने के साथ ही उज्जैन को पेयजल के लिये पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

टी.बी. उन्मूलन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सरकार ने 2025 तक टी.बी. रोग के सम्पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। टी.बी. एसोसिएशन, रोग अभियान के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। आज एम. पी. स्टेट टी.बी. एसोसिएशन की बैठक में राज्यपाल ने कहा कि टी.बी. के उपचार और जागरूकता से जुड़ी सभी गतिविधियां सतत् रूप से सघन स्तर पर की जानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि टी.बी. के उन्मूलन प्रयासों में जागरूकता सबसे ज़रूरी है। इसलिए दूरस्थ ग्रामीण अंचलों, झुग्गी बस्तियों, स्कूल और कॉलेजों में टी.बी. की जागरूकता गतिविधियों को लगातार जारी रखा जाये।

सिविल अस्पताल

पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने आज नरसिंहपुर जिले के करेली में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टर्स की कमी जल्द ही दूर होंगी,केंद्र सरकार ने सीटें बढ़ाकर इस काम को बेहतर किया है। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर उन्होंने कहा कि हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है जिसने रामलला की स्थापना देखी

और अब 144 साल के कुंभ को 12 वीं बार पूरा होते हुए देख रहे हैं।

प्रहलाद पटेल, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मकर संक्रांति के दिन कल मालवा—निमाड़ यानी, इंदौर—उज्जैन संभाग में बूंदाबांदी होने के आसार हैं। बड़वानी और जबलपुर जिलों में भी मौसम के अचानक बदलने से आगामी 24 घंटों में बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। जबकि 15 जनवरी को आधे राज्य में बारिश होने का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर भी इसमें शामिल हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की एक्टिविटी होने से मौसम का मिजाज बदला रहेगा। कल 14 जनवरी को इंदौर, उज्जैन, आगरमालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर जिलों में कहीं—कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। 15 जनवरी को भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर समेत 33 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। 16 जनवरी को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी और अशोकनगर में बूंदाबांदी के आसार है।

स्थानीय अवकाश

राज्य शासन ने भोपाल स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों में 3 स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार मकर संक्रांति मंगलवार 14 जनवरी, रंग पंचमी बुधवार 19 मार्च और गणेश चतुर्थी बुधवार 27 अगस्त 2025 को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। भोपाल गैस त्रासदी बरसी दिवस बुधवार 3 दिसंबर 2025 केवल भोपाल शहर के लिए भी घोषित किया है।

खो खो विश्व कप

खो—खो विश्व कप 2025 आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा समर्थित खो—खो विश्व कप के पहले संस्करण में 20 पुरुष और 19 महिला टीमें हिस्सा ले रही हैं।

भारतीय पुरुष टीम नेपाल के खिलाफ़ आज रात साढे आठ बजे अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दूसरी ओर भारतीय महिला टीम कल कोरिया गणराज्य के खिलाफ़ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। डीडी स्पोर्ट्स टीवी चैनल पर इन मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।

समाचार संक्षेप में .....

- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में सतना जिले के चित्रकूट में प्रगतिरत कार्य एवं समग्र विकास पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में 14 जनवरी से 24 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन होगा। इसके तहत प्रचलित परंपरागत खेलकूद के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें।
- गुना जिले में जनपद स्तर पर सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए भर्ती कैंप का आयोजन 16 से 22 जनवरी तक होगा।
- जबलपुर में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित निराश्रित वृद्ध आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- अशोकनगर में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त छात्रावासों में नशामुक्ति समिति का गठन तथा प्रत्येक कक्षावार नशा मुक्ति मित्र बनाये जाएंगे।
- खंडवा जिले के मोहन्या भाम में श्री देव भिलट भान मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर आज देव भिलट भान पर निशान चढ़ाया गया।
- झाबुआ जिले में युवा शक्ति मिशन का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर नेहा मीना ने इस मिशन अंतर्गत जिले से प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया।
- छिंदवाड़ा जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से उनकी धान की उपज खरीदने के लिए प्रशासन ने 9 खरीदी केंद्र बनाए हैं। अभी तक 1 हजार 882 किसानों ने पंजीयन कराया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर,

- विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज से प्रयागराज में शुरू।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में स्थित सोनमर्ग सुरंग का किया उद्घाटन।
- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच बारिश का अलर्ट जारी, कई जिलों में बूंदाबांदी की संभावना।
- खो खो विश्व कप 2025 आज से नई दिल्ली में। रात साढे आठ बजे भारतीय पुरुष टीम का मुकाबला नेपाल से ।

..............................